भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2091
उत्तर देने की तारीख 6 अगस्त, 2026

बीएसएनएल द्वारा 5जी सेवाओं का शुभारंभ किया जाना

2091 श्री रविचंद्र वद्दीराजू:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने पूरे देश में 5जी सेवाएँ प्रदान करने के लिए बीएसएनएल की अवसंरचना का उन्नयन करने हेतु कदम उठाए हैं;
(ख) बीएसएनएल द्वारा 5जी सेवाओं का शुभारंभ करने के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है; और
(ग) क्या इन उन्नयन कार्यों से विशेषकर ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों में वहनीय और विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) बीएसएनएल ने आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप, दिनांक 25.07.2026 तक अखिल भारतीय स्तर पर एक लाख साइटों में से 98,550 स्वदेशी 4जी साइटें संस्थापित की हैं, जिनमें से 97,174 4जी साइटें ऑन-एयर हैं। प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण से यह उपकरण 5जी में उन्नयन करने योग्य है।

*****